नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर
स्थापित २००५ ई.
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक................................ दिनांक : 28-08-2019

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के शिक्षाशास्त्र विभाग एवं बी.एड. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान **'जनसंख्या शिक्षा'** विषय . पर किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता **डॉ. विजय कुमार चौधरी** विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग ने कहा कि–जनसंख्या–शिक्षा एक शैक्षिक योजनात्मक विचारपूर्ण प्रक्रिया है जिससे मानव के ज्ञान, बोध तथा व्यवहार जाग्रत एवं परिष्कृत होते हैं। प्रत्येक राष्ट्र की सम्पूर्ण जनसंख्या हेतु आहार, आवास, स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा के अवसर उच्च जीवन–स्तर एवं सुखी पारिवारिक जीवन की समस्याओं के हल प्राप्ति से सम्बद्ध होने के कारण जनसंख्या–शिक्षा सम्पूर्ण शिक्षा–व्यवस्था को वास्तविक तथा सार्थक बनाती है। जनसंख्या–शिक्षा का लक्ष्य छात्रों को इसे समझने योग्य बनाना है कि परिवार का आकार नियन्त्रण योग्य हो। जनसंख्या सीमित होने से देश के उच्च जीवन स्तर को बनाये रखने में मदद मिलेगी तथा छोटा परिवार जीवन–स्तर को भौतिक दृष्टि से उच्च बनाने में योगदान प्रदान कर सकता है। इसके अध्ययन से विद्यार्थी यह भी समझ सकेंगे कि परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य एवं कल्याण की रक्षा परिवार की आर्थिक स्थिरता के निश्चय तथा आगे आने वाली पीढ़ियों की सम्पन्नता के लिए वर्तमान तथा भविष्य के परिवार छोटे होने चाहिए। इससे व्यक्ति का स्वयं का तथा उसके परिवार का कल्याण ही नहीं होगा बल्कि राष्ट्र का भी कल्याण होगा। इस व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन बी.एड्. प्रवक्ता श्रीमती विभा सिंह ने किया। आभार ज्ञापन शिक्षाशास्त्र विभाग से श्रीमती साधना सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में बी.एड्. द्वितीय वर्ष के 57 छात्राध्यापक एवं शिक्षाशास्त्र के 69 विद्यार्थियों ने सहभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के श्री नवनीत सिंह, श्री शैलेन्द्र सिंह, श्री जितेन्द्र प्रजापति, सुश्री रचना सिंह, सुश्री श्वेता चौबे, सुश्री दीप्ति गुप्ता, श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्रीमती शिप्रा सिंह उपस्थित रहे।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
**सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी**